आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 05.2.2025
समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– सरकार के कल्याणकारी उपायों के परिणामस्वरूप 25 करोड़ लोगों को गरीबी से मुक्ति मिली।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– प्रदेश में विकसित खेल अवस्थापना सुविधाएं भविष्य में खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करेंगी.।
- पर्वतीय जिलों के दूरस्थ क्षेत्रों में अध्ययनरत छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराएगी।
- 38वें राष्ट्रीय खेलों की पदक तालिका में कर्नाटक 28 स्वर्ण पदकों के साथ शीर्ष पर, उत्तराखंड 3 स्वर्ण पदकों के साथ 15वें स्थान पर पहुंचा।

**संसद**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार ने गरीबों के कल्याण के लिए अनेक कदम उठाए हैं, जिनके परिणामस्वरूप 25 करोड़ लोग गरीबी से ऊपर उठे हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल सरकार की प्रतिबद्धता, समर्पण और कड़ी मेहनत के कारण ही संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार योजनाओं के शत–प्रतिशत कार्यान्वयन पर जोर देकर विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कार्य कर रही है।

संसद में श्री मोदी ने कहा कि हाल ही में सरकार ने 12 लाख रुपये तक की आयकर छूट की घोषणा की है जो मध्यम वर्ग के वित्त को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

**सीएम खेल**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि केंद्र व राज्य सरकार ने राज्य में खेल अवस्थापना सुविधाओं के विकास के लिए महत्वपूर्ण कार्य किया है। उन्होंने कहा कि ये अवस्थापना सुविधाएं भविष्य में खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करेंगी। देहरादून के परेड ग्राउंड में खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए श्री धामी ने कहा कि ये आयोजन देशभर के खिलाड़ियों को खेलों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय खेलों की थीम ग्रीन गेम्स रखने का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण है।

**डॉक्टर धन सिंह**

पर्वतीय जिलों के दूरस्थ क्षेत्रों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराएगी। ये जानकारी देते हुए विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि क्लस्टर विद्यालयों में आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने से छात्र–छात्राओं को बेहतर अवसर मिलेंगे। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में कठिन भौगोलिक परिस्थितियों वाले पांच जिलों के एक–एक क्लस्टर विद्यालय में आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी और इसके लिए इन क्लस्टर विद्यालयों में 150 छात्र–छात्राओं की क्षमता वाले छात्रावासों का निर्माण किया जाएगा।

**प्रदेश को ऋण**

प्रदेश के विकास के लिए यूरोपियन निवेश बैंक राज्य को 2 सौ 38 मिलियन डॉलर की धनराशि देगा। परियोजना के लिए यूरोपियन बैंक 80 प्रतिशत तथा राज्य सरकार 20 प्रतिशत का अंशदान देगी। इस परियोजना के माध्यम से रुद्रपुर, सिंतागंज, पिथौरागढ़ तथा काशीपुर शहरों में पेयजल के साथ ही सीवरेज के कार्य किए जाएंगे। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में देहरादून में आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी मार्च माह में ऋण समझौते के दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।

**38वें राश्ट्रीय खेल**

और अब खबरें खेल जगत से........ उत्तराखंड के विभिन्न स्थानों पर 38वें राष्ट्रीय खेलों की विभिन्न स्पर्धाएं जारी हैं। पदक तालिका में कर्नाटक 28 स्वर्ण पदकों के साथ शीर्ष स्थान पर बना हुआ। एस.

एस.सी.बी 21 स्वर्ण लेकर दूसरे और 16 स्वर्ण के साथ महाराष्ट्र पदक तालिका में तीसरे स्थान पर है। वहीं, उत्तराखंड बेहतर प्रदर्शन के चलते 3 स्वर्ण, 11 रजत और 12 कांस्य पदकों के साथ 15 पाएदान पर पहुंच गया है।
पिथौरागढ़ के हरि सिंह थापा स्पोर्ट्स कॉलेज में कल बॉक्सिंग के क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए। हमारे सहयोगी ने बताया कि बॉक्सिंग में पुरुषों के 14 और महिलाओं के 12 सहित कुल 26 मुकाबले खेले गए।
हल्द्वानी के मिनी स्टेडियम में महिला फुटबॉल के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में ओडिशा ने दिल्ली को हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में हरियाणा ने पश्चिम बंगाल को 4––1 से हराकर फाइनल में जगह बना ली है। अब हरियाणा का मुकाबला फाइनल में ओडिशा के साथ होगा।
इस बीच, नैनीताल में एक्वेटिक्स प्रतियोगिताएं सम्पन्न हो गई हैं। वाटर पोलो स्पर्धा में सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड ने महाराष्ट्र को 10–9 से हराकर स्वर्ण पदक जीता।

**खेल भोजन**
भारतीय हॉकी टीम के पूर्व गोलकीपर मीररंजन नेगी ने राष्ट्रीय खेलों के में खिलाड़ियों और अन्य स्टॉफ को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता और शुद्धता की तारीफ की है। श्री नेगी ने कहा कि वे नियमित रूप में बड़े खेल आयोजनों में शामिल होते हैं लेकिन भोजन की पौष्टिकता के साथ ही शुद्धता और गुणवत्ता की व्यवस्था उत्तराखंड में सबसे अच्छा है। नेशनल गेम्स के लिए खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के नोडल अधिकारी गणेश चंद्र कंडवाल ने बताया कि आयोजन के दौरान भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और पौष्टिकता सुनिश्चित करने के लिए 18 टीमें गठित की गई हैं। साथ ही मोबाइल टीम से भी भोजन की गुणवत्ता पर नजर रखी जा रही है।

**और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर....**
38वें राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड के बेहतर प्रदर्शन को सभी सभी अखबारों ने प्रमुखता से स्थान दिया है। अमर उजाला लिखता है– ''राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड ने मारी छलांग'', राज्य ने दो स्वर्ण सहित 9 पदक जीते, 17 से 15वें स्थान पर पहुंचा। इसी खबर पर दैनिक जागरण लिखता है– उत्तराखंड को मिले दो स्वर्ण, चार रजत और तीन कांस्य पदक। 38वें राष्ट्रीय खेलों में मंगलवार का दिन रहा उत्तराखंड के लिए खास।
क्लस्टर विद्यालयों में छात्रों को आवासीय सुविधाओं पर, विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉक्टर धन सिंह रावत के हवाले से दैनिक जागरण लिखता है – पहले चरण में पांच जिलों में एक–एक क्लस्टर विद्यालय में बनेंगे 150 विद्यार्थियों के क्षमता वाले छात्रावास। इसी खबर पर अमर उजाला लिखता है– क्लस्तर विद्यालयों में मिलेगी आवासीय सुविधा। शिक्षामंत्री ने दिये विभागीय अधिकारियों को बजट प्रस्ताव भेजने के निर्देश।
प्रदेश में मौसम के बदले मिजाज को सभी अखबारों ने प्रमुखता दी है। हिंदुस्तान समाचार पत्र में लिखा है – उत्तराखंड के गढ़वाल मंडल की पहाड़ी इलाकों में बर्फ पड़ी, जबकि मैदानी क्षेत्रों में कहीं–कहीं हल्की बारिश हुई। अमर उजाला ने लिखा है– चारों धाम में जमकर बर्फबारी, मैदान में हल्की बारिश से ठंड।